अमर उजाला 75 महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
G नगर
वर्ष 20 | अंक 231 | पृष्ठ : 12+4 | मूल्य : चार रुपये

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 29 नवंबर 2022
मार्गशीर्ष शुक्ल-षष्ठी
विक्रम संवत-2079

amarujala.com

गुजरात चुनाव पीएम मोदी बोले, फूट डालो-राज करो की रणनीति छोड़े कांग्रेस...7

दिल्ली-एनसीआर

हिंडन एयरपोर्ट से जल्द शुरू होगी लखनऊ व अयोध्या के लिए उड़ान

माई सिटी रिपोर्टर

साहिबाबाद। उप मुख्यमंत्री ने हिंडन एयरपोर्ट से जल्द ही नए शहरों के लिए उड़ान शुरू कराने का भरोसा एयरपोर्ट निदेशक को दिया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली जाने के लिए सोमवार शाम को विमान से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे थे।

एयरपोर्ट की निदेशक सरस्वती वेंकटरमण ने केशव प्रसाद मौर्य के सामने लखनऊ, अयोध्या और प्रयागराज सहित प्रदेश के अन्य शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू कराने का मौखिक रूप प्रस्ताव रखा। निदेशक ने बताया की मौर्य ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए उड़ान शुरू कराने का भरोसा दिया है।

निदेशक सरस्वती वेंकटरमण ने कहा यदि लखनऊ, अयोध्या और प्रयागराज सहित अन्य शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू हो जाती है तो लोगों को काफी राहत मिलेगी। वर्तमान में हिंडन एयरपोर्ट से दो शहरों के लिए उड़ान सेवा है। कर्नाटक के कलबुर्गी और हुबली के लिए नियमित उड़ान सेवा है। अयोध्या, नासिक और कुशीनगर के लिए उड़ान प्रस्तावित है।

एयरपोर्ट पर शुरू हुआ जागरूकता सप्ताह

सिविल टर्मिनल हिंडन एयरपोर्ट पर सोमवार को विमानन सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जागरूकता के पहले दिन आग से बचाव के तरीके बताए गए। अग्निशमन विभाग के सीएफओ राहुल पाल व साहिबाबाद क्षेत्र के अग्निशमन अधिकारी सतेंद्र सिंह ने लोगों को जागरूक किया।

अभियान के तहत प्रशिक्षण लेते पुलिस कर्मी और स्टाफ। संवाद